हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 26 फरवरी 2026

04 लूट की 3 वारदातों का खुलासा चार नाबालिग...



07 स्टेट हाईवे पर एसडीएम और एसडीओपी कार्यालय...





### हरदा बायपास रोड सड़क की कॉलोनी में हुई थी चोरी, मामला दर्ज

# सजग प्रहरी अभियानः सूने घरों की सुरक्षा के लिए पुलिस की सतर्क पहल

आमजनों के सूने घरों की सुरक्षा के लिए पुलिस का सजग प्रहरी अभियान मददगार साबित हो रहा है, लेकिन अभी भी कई नागरिक इस अभियान से जुड़ नहीं पाए है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले में नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पुलिस ने 'सजग प्रहरी अभियान' की शुरुआत की है। यह पहल विशेष रूप से उन परिवारों के लिए लाभकारी है, जो घर बंद कर बाहर जाते हैं,चाहे यात्रा पर हों या किसी पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने। इसके बावजूद अब भी बड़ी संख्या में नागरिक इस सुविधा का पूरा लाभ नहीं उठा पा रहे हैं।

यह अभियान एसपी साईं कृष्णा के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत यदि कोई व्यक्ति अपने घर को कुछ दिनों के लिए सूना छोड़ रहा है, तो वह अपने घर की लोकेशन और अनुपस्थिति की अवधि की जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम या संबंधित थाने में दर्ज करा सकता है। सूचना मिलते ही पुलिस उस क्षेत्र में गश्त बढ़ा देती है और संबंधित मकान की विशेष निगरानी की जाती है, जिससे चोरी या अन्य आपराधिक घटनाओं की आशंका कम हो सके।

### अस्थायी सीसीटीवी का भी प्रावधान

कन्ट्रोल रूम एएसआई भूपेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि यह अभियान एसपी सांई कृष्णा एस थोटा व एएसपी अभिषेक राजन के मार्गदर्शन में संचालित है। इसके अतिरिक्त, पुलिस द्वारा अधिकृत वेंडर के माध्यम से सूने घरों में अस्थायी सीसीटीवी कैमरे लगाने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत हो सके। नागरिकों द्वारा दी गई सभी जानकारियां पूर्णतः गोपनीय रखी जाती हैं। पुलिस की यह दूरदर्शी पहल तभी पूरी तरह सफल होगी, जब अधिक से अधिक नागरिक जागरूक होकर इसमें सहभागिता करें और अपने घरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।


### पुलिस कंट्रोल रूम

सजग प्रहरी अभियान की जानकारी इस मोबाइल नंबर 7701052434 पर आम आदमी दे। ताकि संबंधित थाने को घर सूने होने की सूचना दी जा सके। इसके अलावा संबंधित थाना क्षेत्र में भी आवेदन देकर सूचना दी जा सकती है।

### यह व्यवस्था नर्मदापुरम के साथ-साथ जिलेभर में

- इटारसी थाना क्षेत्र
- पिपरिया थाना क्षेत्र
- सोहागपुर थाना क्षेत्र
- सिवनी मालवा थाना क्षेत्र

## अगर सूचना देते तो शायद नहीं होती सोने-चांदी सहित नकदी की चोरी



हरदा बायपास स्थित अग्रवाल एग्जोटिका कॉलोनी में 21 फरवरी की दरम्यानी रात चोरों ने सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए बड़ी वारदात को अंजाम दिया। देर रात करीब 2 बजे चार बदमाश बाउंड्रीवाल फांदकर कॉलोनी में घुसे और तीन सूने मकानों के ताले तोड़े थे। इनमें से एक मकान नं बी 54 को निशाना बनाते हुए चोर अलमारी में रखे पुराना इस्तेमान सोने का हार, मंगलसूत्र, टॉप्स, चांदी की पायल, चेन और 35 हजार रुपए नगद ले उड़े। चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत करीब दो लाख रुपए बताई जा रही है।

### 22 को हुआ था खुलासा

घटना का खुलासा तब हुआ जब 22 फरवरी की सुबह पड़ोसियों ने एक घर का टूटा ताला और खुला दरवाजा देखा। मकान मालकिन चंपा अधिकारी पति रोबिन कुमार उस समय बैतूल के जिले ग्राम चोपना की रहने वाली है। जब उन्होंने वापस आकर अपनी अलमारी जांची तो जेवरात और नकदी गायब मिली। इसके बाद देहात थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया गया।

### सीसीटीव्ही में कैद हुए थे चार संदिग्ध

कॉलोनी में लगे सीसीटीव्ही कैमरों में चारों संदिग्ध कैद हुए हैं। फुटेज के मुताबिक बदमाश करीब एक घंटे तक कॉलोनी में बेखौफ घूमते रहे, लेकिन सुरक्षा गार्ड और रहवासियों को भनक तक नहीं लगी। सुबह जब घरों के ताले टूटने की सूचना मिली तो सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेज खंगाले गए। हालांकि सीसीटीव्ही फुटेज में चेहरे स्पष्ट नहीं दिख रहे है, लेकिन देहात पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इधर लगातार हो रही चोरियों से रहवासियों में दहशत का माहौल है और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# इटारसी में साइबर ठगी का खुलासा झांसी से शातिर आरोपी गिरफ्तार

### 1 लाख 20 हजार रुपए नकदी व दो महंगे मोबाइल किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इटारसी




इटारसी में साइबर फ्रॉड का सनसनीखेज मामला सामने आया है। थाना इटारसी पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश के झांसी से एक शातिर साइबर ठग को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के कब्जे से 1 लाख 20 हजार रूपए नकद और दो महंगे मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

### बैंक खाते से उड़ाए 2.84 लाख रुपए

पीड़ित नरेंद्र सिंह 45 वर्ष, निवासी मालवीगंज इटारसी, ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके एसबीआई मेन ब्रांच इटारसी स्थित बचत खाते से 21 नवंबर से 26 नवंबर 2025 के बीच अज्ञात व्यक्ति द्वारा 2 लाख 84 हजार ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिए गए। जब वे 27 दिसंबर 2025 को बैंक पहुंचे तो खाते में शून्य बैलेंस देखकर उनके होश उड़ गए।

जांच में सामने आया कि मोबाइल नंबर 9893483742 के जरिए यह साइबर ठगी की गई थी। प्रथम दृष्टया अपराध पाए जाने पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

### सटीक से रणनीति, आरोपी धर दबोचा

पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम के निर्देशन तथा एसडीओपी इटारसी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। साइबर तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपी तुषार अहिरवार 23 वर्ष, निवासी टाल मोहल्ला, थाना सदर बाजार, झांसी उप्र को गिरफ्तार किया गया।

### बरामदगी ने खोले कई राज

पुलिस ने आरोपी के पास से मोटो जी 96 मोबाइल कीमत 20 हजार रूपए अपराध में प्रयुक्त व आई फोन 16 कीमत 65 रूपए इसके साथ ही नकदी 1 लाख 20 हजार रूपए जब्त किया। कुल 2 लाख 5 हजार मूल्य का मशरूका जब्त किया है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि क्या वह किसी बड़े साइबर गिरोह से जुड़ा हुआ है। इटारसी पुलिस की इस कार्रवाई से साइबर अपराधियों में हड़कंप मच गया है।

## अज्ञात ठगों ने धोखाधड़ी कर निकाले 4 लाख 47 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

धोखाधड़ी के मामले जिले में बढ़ते ही जा रहे है। हालांकि पुलिस की सर्तकता यह कम जरूर हुए है। कोतवाली में एक ओर नया धोखाधड़ी का मामला आया है। शहर के बस स्टैंड के सामने होटल कृष्णा लॉज से एक युवक के साथ 4 लाख 47 हजार रुपए की ठगी हो गई। इसको लेकर मामला कोतवाली में दर्ज कराया गया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार युवक के खाते से धोखाधड़ी कर पैसे ट्रांसफर का मामला 13 फरवरी से 24 फरवरी के बीच का बताया जा रहा है। कृष्णा लाज बस स्टैंड के पास यह घटना हुई। पुलिस के अनुसार दिनेश चावरा नामक युवक से अज्ञात आरोपियों द्वारा 4 लाख 47 हजार 268 रुपए बैंक खाता से धोखाधड़ी कर ट्रांसफर कर लिए। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## लोक सेवा आयोग की राज्य पात्रता परीक्षा-2025 नर्मदापुरम में 11 केंद्रों पर होगी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर की राज्य पात्रता परीक्षा-2025 का आयोजन 1 मार्च 2026 को एक सत्र में दोपहर 12 से 03 बजे तक जिला मुख्यालय के 11 परीक्षा केन्द्रों पर किया जाएगा। इस परीक्षा की प्रक्रियात्मक, निष्पक्षता और नागरिकों में उसके प्रति विश्वास बनाए रखने के लिए प्रो (डॉ) बिपिन बिहारी ब्यौहार, पूर्व अध्यक्ष, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग को नर्मदापुरम संभाग के संभागीय पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। तत्संबंध में कलेक्टर सोनिया मीना ने संभागीय पर्यवेक्षक के लिए जिले में स्थित समस्त परीक्षा केन्द्रों के भ्रमण के लिये सक्षम अधिकारी के रूप में देवेश मरकाम, जिला खनिज अधिकारी, नर्मदापुरम को लायजनिंग अधिकारी नियुक्त किया है।

मुख्यालय के 11 परीक्षा केन्द्रों पर किया जाएगा। तत्संबंध में कलेक्टर द्वारा परीक्षा के प्रश्नपत्र जिला कोषालय के स्ट्रांग रूम पुराने कलेक्टरेट भवन से संबंधित सभी 11 परीक्षा केन्द्रों तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए विशेषवाहक दल अधिकारी नियुक्त किये गए है। नियुक्त विशेषवाहक दल अधिकारी द्वारा शील्ड पैकेटों में पाये जाने वाले प्रश्न पत्रों की संख्या का सत्यापन करेगें तथा परीक्षा केन्द्रों पर सतत निगरानी भी रखेगें।

### परीक्षा हेतु विशेष वाहक दल अधिकारी नियुक्त

परीक्षा केन्द्र शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर महाविधालय,एनएनजी स्कूल के सामने नर्मदापुरम के लिए एसआर सूर्यवंशी कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड नर्मदापुरम को विशेष वाहक दल अधिकारी नियुक्त किया है। इसी तरह परीक्षा केन्द्र शासकीय बहुउदेशीय उत्कृष्ट विधालय मंगलवारा के लिए डॉ सीके दुबे उप संचालक पशु चिकित्सा नर्मदापुरम , परीक्षा केन्द्र शासकीय एस.एन.जी. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बस स्टैंड के पास नर्मदापुरम के लिए डॉ सुरेखा यादव अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम , परीक्षा केन्द्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इतवारा बाजार नर्मदापुरम के लिए सचिन गुप्ता अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग ई.एण्ड.एम, परीक्षा केन्द्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एसपीएम गेट नं-1. हरदा रोड नर्मदापुरम के लिए रंजीत ताराम मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नर्मदापुरम सहित अन्य शामिल है।

## जब-जब अधर्म बढ़ता है धर्म की रक्षा के लिए भगवान जन्म लेते हैंः तिवारी

### धूम-धाम से हर्ष उल्लास से मनाया गया भागवत कथा में भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| माखननगर



जीवन में सब कुछ भगवान के भरोसे छोड़ दो और भगवान से कहो कि प्रभु आपका ही सहारा है जब जब अधर्म बढ़ता है और मनुष्य भगवान के सहारे अपने जीवन की नाव छोड़ देता है तो भगवान अवतार लेकर धर्म की रक्षा करते हैं रावण इत्यादि राक्षस जो अधर्म के पक्ष में थे इन्हें परास्त करने के लिए भगवान राम प्रकट हुए। कंस के अत्याचार से पृथ्वी को मुक्त करने भगवान कृष्ण जन्म लेते हैं। ये विचार कथा व्यास श्री सदभव तिवारी ने व्यक्त किए। ग्राम आमखेड़ी में चल रही भागवत कथा के चौथे दिन कृष्ण जन्मोत्सव की लीला का वर्णन किया गया। इस समारोह में श्रद्धालु गण भागवत कथा श्रवण का लाभ ले रहे हैं। कथा में आज भगवान की जन्मोत्सव के पूर्व गंगा अवतरण की कथा भी कही गई।

बड़ी संख्या में श्रद्धालु भजनों पर झूमते नजर आये ग्राम आमखेड़ी के नागरिक इस आयोजन को अपना मानकर हर व्यक्ति व्यवस्था में लगा हुआ है ।कथा के आयोजन से गाँव में उत्सव का वातावरण बना हुआ रहा इस अवसर हमारे क्षेत्र के सभी श्रद्धालु ,मीणा समाज सेवा संगठन संगठन के पधारीकारी एवं लायंस क्लब माखन नगर गायत्री परिवार ,श्यामा किशोरी गौ शाला के सभी पदाधिकारी ने भागवत जी का पूजा एवं गुरुदेव का आशीर्वाद लिया बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने उपस्थित हो रहे है।

## अभा अधिवेशन में पारित प्रस्ताव को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

भारतीय मजदूर संघ की जिला इकाई ने श्रम तथा रोजगार मंत्री मनसुख मंडाबिया के नाम कलेक्टर प्रतिनिधि को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय अधिवेशन में पारित प्रस्ताव जो उड़िसा में आयोजित हुआ था, उससे संबंधित है। संघ के जिला मंत्री ने बताया कि सभी सेक्टर तथा सभी श्रमिकों के लिए श्रम कानूनों को बिना किसी छूट के अंत्योदय की सच्ची भावना के साथ लागू किया जाए। लेबर कोर्ट, हेल्थ एण्ड वर्किंग कंडीशन में श्रमिकों की चिंताओं का समाधान ईपीएस और ईपीएफ के साथ ही बोनस भुगतान स्कीम वर्कर ठेका श्रमिकों को स्थायी करने के साथ ही आम भर्ती आदि पर ध्यान दिया जाएगा।

### गणित का पर्चा हल करने नहीं पहुंचे 12 परीक्षार्थी

**नर्मदापुरम।** 12वीं बोर्ड की परीक्षा में बुधवार को गणित विषय का पेपर हुआ, जिसमें रेगुलर 9 और प्रायवेट परीक्षार्थी 3 अनुपस्थित रहे। हालांकि गणित के पेपर में जिले के कुल 2288 परीक्षार्थियों में से 2216 ने दी। जिसमें रेगुलर 2141 में से 2132 परीक्षा देने पहुंचे। वहीं 87 प्रायवेट परीक्षार्थियों में से 84 ने परीक्षा दी और 3 अनुपस्थित रहे। यह परीक्षा सभी केन्द्रों पर आयोजित हुई। गणित विषय को देखते हुए उड़दस्ता टीम ने तैयारी कर रखी थी, लेकिन जिले में एक भी नकल का प्रकरण नहीं बना।

### राजस्व अधिकारियों की बैठक 27 फरवरी को होगी

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की बैठक 27 फरवरी 2026 शुक्रवार को प्रातः 11 बजे कलेक्टर कार्यालय नर्मदापुरम के सभा कक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में कलेक्टर द्वारा राजस्व एवं दांडिक प्रकरणों एवं राजस्व के न्यायालयीन प्रकरण जिसमें राजस्व और दांडिक प्रकरण, नजूल लीज नवीनीकरण, वन ग्राम से राजस्व ग्राम संपरिवर्तन, नगरेत्तर सर्वे, नक्शा पायलट प्रोजेक्ट, स्वामित्व योजना, पीएम किसान ई-केवायसी, राजस्व वसूली, न्यायालयीन प्रकरणों की प्रगति, पटवारियों के लंबित एरियर, वेतनमान, भत्ता और अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की समीक्षा।

### जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की गई

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर कार्यालय के रेवा सभाकक्ष में बुधवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न हुई, जिसमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता सीईओ जिला पंचायत हिमांशु जैन ने की और कलेक्टर सोनिया मीना ने दिशा-निर्देशन दिया। सीईओ ने गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीयन, चार अनिवार्य जांच, एनीमिक गर्भवती महिलाओं का प्रबंधन, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी, नवजात शिशुओं की गृह भेंट, टीकाकरण, असंचारी रोग स्क्रीनिंग, टीबी जांच, सिकल सेल अभियान तथा स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं की उपलब्धता जैसे 22 प्रमुख स्वास्थ्य सूचकांकों की समीक्षा की।कम प्रगति वाले विकासखंडों को 15 दिन में सुधार लाने, लक्ष्य न पूरा होने पर एएनएम, सीएचओ, आशा कार्यकर्ता एवं मॉनिटरिंग अधिकारियों के विरुद्ध निलंबन/सेवा समाप्ति की कार्रवाई हेतु निर्देश दिए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग और प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना पर भी चर्चा की गई।


### परंपरा और नवीनता का अनूठा संगम

# संदेश देती होलिका प्रतिमाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

नर्मदांचल की पावन धरती पर रंग, उमंग और आस्था के पर्व होली की तैयारियां पूरे उत्साह के साथ जारी हैं। इस बार शहर में होलिका दहन के लिए विशेष संदेश देती प्रतिमाओं का चलन तेजी से बढ़ रहा है। परंपरा और नवीनता का यह संगम लोगों को आकर्षित कर रहा है।

मिट्टी की सोंधी खुशबू के साथ कारीगर अपने पारंपरिक कौशल को नई कल्पनाशीलता से सजा रहे हैं। साधारण होलिका की जगह अब ऐसी प्रतिमाएं तैयार की जा रही हैं, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश देने के साथ-साथ



सामाजिक जागरूकता का भी प्रतीक बन रही हैं। नर्मदांचल में यह नई परंपरा न केवल सांस्कृतिक विरासत को सहेज रही है, बल्कि त्योहार को सामाजिक संदेशों से जोड़कर उसे और भी सार्थक बना रही है।

### कारीगिरों की आस्था,अंतिम रूप ले रहीं प्रतिमाएं

स्थानीय मूर्तिकार इन दिनों दिन-रात मेहनत कर होलिका और गोद में विराजमान प्रह्लाद की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। मूर्तिकार राजेश प्रजापति के अनुसार, इस वर्ष होलिका-प्रह्लाद की प्रतिमाओं की मांग सबसे अधिक है। होली दहन के दिन इन प्रतिमाओं को लकड़ियों के मध्य स्थापित कर विधि-विधान से पूजन किया जाएगा। हालांकि मूर्तिकारों का कहना है कि अभी तक हमारे पास प्रतिमाओं को तैयार करने के कम आर्डर आए है लेकिन गत वर्ष की अपेक्षा यह आर्डर अधकि है। जिसमें सबसे ज्यादा से छोटी मूर्तियों के है।

## होमसाइंस में हस्तशिल्प जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम



शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय में बुधवार को कार्यालय विकास आयुक्त हस्तशिल्प सेवा केन्द्र, इंदौर के तत्वाधान में शिल्प प्रदर्शन एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त प्रयास से प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन के मार्गदर्शन में किया गया। प्राचार्य ने बताया कि उद्देश्य स्थानीय कारीगरों और युवाओं को पारंपरिक हस्तशिल्प के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें रोजगार से जोड़ना है।कार्यक्रम में दो सत्र आयोजित किए गए। प्रथम सत्र में ममता जाटव (मास्टर ट्रेनर) द्वारा छात्राओं को ब्लॉक प्रिंटिंग का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें डिज़ाइन और बाजार की मांग अनुसार तैयार करने की तकनीक सिखाई गई। द्वितीय सत्र में राजू गोहर, सुखदेव कुमेथी और काशी बाई सिलावट ने काष्ठ शिल्प, बांस शिल्प और लकड़ी पर नक्काशी की कला सिखाई। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में कौशल विकास और आत्मनिर्भरता बढ़ाना तथा सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रदान करना रहा।

## अमेरिका ट्रेड डील और अन्य मुद्दों को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इटारसी




प्रदेश की राजधानी भोपाल में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित किसान महाचौपाल एवं विधानसभा घेराव के विराट आयोजन में जिला कांग्रेस कमेटी नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में नगर इटारसी कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी 45 गाड़ियों के काफिले के साथ कांग्रेसजनों को लेकर भोपाल पहुंचे थे। भोपाल जाने से पूर्व सैकड़ो कांग्रेसजन जयस्तंभ चौक पर एकत्रित हुए। इसके पश्चात रेस्ट हाउस चौराहे से एक पैदल रैली निकाली गई इस रैली में तिरंगा झंडा लिए हुए कांग्रेसजनों ने अमेरिका ट्रेड डील एवं अन्य मुद्दों को लेकर देश एवं प्रदेश की सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उपरोक्त रैली का नेतृत्व कर रहे नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने बताया कि जहां केंद्र की मोदी सरकार ने अमेरिका से ट्रेड डील कर पूरे देश के किस को नुकसान किया है तो वही प्रदेश की सरकार भी किसानों के साथ अन्याय कर रही है इसके अलावा प्रदेश सरकार के अनेक मंत्री प्रदेश की जनता के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित किसान महाचौपाल एवं विधानसभा घेराव में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मानक अग्रवाल के नेतृत्व में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राहुल गांधी को सुना एवं उनकी बातों पर अमल भी करने की बात भी कही।

## खबर संक्षेप

### छात्रावास अधीक्षक ने पत्रकार से की अभद्रता



**बैतूल।** सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास अधीक्षक द्वारा वरिष्ठ पत्रकार से अभद्रता किये जाने की शिकायत सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग बैतूल से की है। इस संबंध में एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें बताया कि सीनियर आदिवासी बालक छात्रावास के अधीक्षक नारायण नगदे को जारी नोटिस के आधार पर खबर का प्रकाशन किया गया था। वरिष्ठ पत्रकार राधेश्याम सिन्हा ने बताया कि समाचार प्रकाशन का तात्पर्य छात्रावास में अनुशासन कायम करना एवं स्वच्छता बनाए रखने के लिए था, किन्तु अधीक्षक नगदे द्वारा 23 फरवरी को रास्ते में रोककर छात्रों का स्टेटमेंट लेने के बहाने अपने कक्ष में बुलाकर अभद्रता की। साथ ही धमकी देने संबंधी छात्रों से वीडियो बनवाकर वायरल किया है, जोकि सरकारी कर्मचारी को नहीं किया जाना चाहिए था। पत्रकारों ने उक्त मामले की सूक्ष्मता से जांच कर छात्रावास अधीक्षक नारायण सिंह नगदे पर नियमानुसार कार्रवाई किये जाने की मांग की। जिस पर सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग द्वारा पत्रकारों को यथोचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

### एक साल पहले बिछाई नलजल की पाइप लाइन, नहीं आया पानी



**शाहपुर।** ग्राम कुप्पा आज भी जल के लिए तरस रहा है। ग्राम कुप्पा की लीलावती बाई यादव ने बताया कि उनके गांव में नल जल योजना की पाइपलाइन को बिछाए हुए लगभग एक वर्ष हो चुका है। नल जल योजना की लाइन भी जर्जर स्थिति में आ गई है। फिर भी नलों में पानी नहीं आया। ग्राम खोपा में नल जल योजना की सप्लाई के लिए टंकी का भी निर्माण कर दिया गया है। वह टंकी भी सूखी पड़ी हुई है। उसका भी उपयोग लगभग एक वर्ष से नहीं हुआ है। इस संबंध में कई बार शिकायत भी दर्ज कराई है। पानी की सप्लाई के लिए अधिकारी कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि पहले शासन के द्वारा दो बोर किए गए थे, परंतु वे दोनों सूखे निकले। उनमें पानी नहीं था। अभी वर्तमान में कुछ दिनों पहले एक बोर किया गया है। जिसमें पानी है, परंतु अभी तक नल जल योजना की सप्लाई से ग्राम कुप्पा के ग्राम वासियों को अपनी प्यास बुझाने के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। इस बोर में सप्लाई के लिए मोटर लगाई गई है। लोगों का कहना यह है कि अब भगवान ही जाने, नल जल योजना की पाइप लाइन में पानी कब आएगा। बता दें कि यह ग्राम कुप्पा ग्राम पंचायत हांडी पानी के अंतर्गत आता है।

### संभागीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

**बैतूल।** संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी की अध्यक्षता में बैतूल में संभागीय सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक मिथलेश कुमार शुक्ला, मुख्य वन संरक्षक मधु वी. राज, वन संरक्षक अशोक कुमार, कलेक्टर बैतूल नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना, कलेक्टर हरदा सिद्धार्थ जैन, पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेंद्र जैन, पुलिस अधीक्षक हरदा, पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम, डीएफओ नवीन गर्ग, डीएफओ लक्ष्मीकांत वासनिक सहित बैतूल, हरदा एवं नर्मदापुरम जिलों के जिला पंचायत सीईओ तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में संभागायुक्त श्री तिवारी ने संभाग के तीनों जिलों में राहवीर योजना का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि सडक़ दुर्घटनाओं में घायलों को त्वरित सहायता मिल सके तथा जीवन बचाने वाले व्यक्तियों को प्रोत्साहन प्राप्त हो। कैशलेश स्कीम और राहत योजना पर विस्तृत प्रेजेंटेशन भी दिया।

### आयु सीमा पूर्ण करने के कारण अपात्र हुईं महिलाएं

# जनवरी 2026 को 2899 बहनें लाडली बहना योजना से हुईं बाहर!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल




प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी लाडली बहना योजना का दायरा हर साल सिमटता जा रहा है। जब यह योजना शुरू हुई थी, तब इस योजना में हितग्राहियों की संख्या 2,81,527 दर्ज थी, लेकिन योजना शुरू होने से अब तक करीब 9 हजार लाड़ली बहनें योजना से बाहर हो चुकी हैं। जो महिलाएं योजना से बाहर हुई हैं, उनकी उम्र 60 वर्ष से ऊपर हो गई है। बता दे कि मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महिलाओं के हित में लाडली बहना योजना शुरू की थी।

वर्ष 2023 में लाडली बहना योजना में रजिस्ट्रेशन किए गए थे। इस योजना का लाभ उन महिलाओं को दिया गया, जिनके परिवार की आय 2.50 लाख रुपए से अधिक नहीं है। दूसरे चरण में उन महिलाओं को लाड़ली बहना योजना में जोड़ा गया, जिनके पति के नाम ट्रैक्टर था। जिले में वर्ष 2023 में 2 लाख 81 हजार 527 महिलाएं शामिल हुई थी। लेकिन अब इस योजना में 2 लाख 68 हजार 762 लाड़ली बहने ही रह गई है। इस योजना की मासिक राशि 1250 रुपए से बढ़ाकर 1500 रुपए प्रतिमाह कर दी गई है। जिससे लाड़ली बहनों को आर्थिक राहत की उम्मीद है।

#### अभी योजना में 2,68,762 महिलाएं शामिल

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग गौतम अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना के तहत बैतूल जिले में 2 लाख 68 हजार 762 लाड़ली बहने शामिल है। इनमें जनपद पंचायत बैतूल की 30194, जनपद पंचायत आमला की 25416, जनपद पंचायत आठनेर 18235, जनपद पंचायत भैंसदेही 21073, जनपद पंचायत भीमपुर 25559, जनपद पंचायत चिचोली 14947, जनपद पंचायत घोड़ाडोंगरी 26869, जनपद पंचायत मुलताई 24380, जनपद पंचायत प्रभात पट्टन 22610, जनपद पंचायत शाहपुर 18190 तथा नगर पालिका बैतूल 14030, नगर पालिका आमला की 3670, नगर पालिका मुलताई 4393, नगर पालिका सारनी 8844, नगर परिषद आठनेर 2099, नगर परिषद बैतूल बाजार 1872, नगर परिषद भैंसदेही 1956, नगर परिषद चिचोली 1710, नगर परिषद घोड़ाडोंगरी की 1408, नगर परिषद शाहपुर की 1307 बहनें शामिल हैं।

#### तीन साल में अपात्र हुई महिलाओं की संख्या

| वर्ष | अपात्र महिलाएं |
|---|---|
| जनवरी 2024 | 3186 |
| जनवरी 2025 | 2993 |
| जनवरी 2026 | 2899 |

#### इनका कहना है

60 वर्ष की आयु पूर्ण होने या आकस्मिक मृत्यु होने पर भी बहुत सी महिलाएं योजना से बाहर हो जाती है। इसके अलावा कुछ महिलाएं अन्य योजनाओं का लाभ लेते समय समग्र आईडी के डी लिंक होने से भी योजना से बाहर हो जाती है, परंतु बाद में वापस लिंक होने पर उन्हें पुनः योजना का पूरा-पूरा लाभ मिल जाता है।

**- गौतम अधिकारी,** जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग, बैतूल

#### तीन साल में 9078 महिलाएं योजना से बाहर

वर्तमान में योजना से जुड़ी कुल महिलाओं की संख्या 2 लाख 68 हजार 762 लाडली बहने बताई गई है, जबकि सत्यापित हितग्राहियों की संख्या 2,81,527 थी। इस दौरान महिलाओं कई महिलाओं की मृत्यु और अपनी स्वेच्छा से महिलाओं ने इस योजना का परित्याग कर दिया। आधार से समग्र लिंक नहीं होने की वजह से भी महिलाएं अपात्र हो गई। जबकि समग्र से नाम डिलिट होने की वजह से महिलाओं का नाम सूची से हटाया गया। वहीं जनवरी 2027 में 60 वर्ष की आयु पूरी करने से महिलाएं योजना से अपात्र हो गई है। 2025 में 2993 महिलाएं और जनवरी 2024 में 3186 लाड़ली बहनाएं अपात्र हो गई थी। देखा जाए तो हर साल लाड़ली बहनों की संख्या में तेजी से गिरावट आ रही है।

#### वंचित महिलाएं कर रहीं योजना शुरू होने का इंतजार

वंचित महिलाएं लाडली बहना योजना का पंजीयन पुनः शुरू होने का इंतजार कर रही है। कई महिलाओं ने योजना शुरू होने की आस में अपने सारे दस्तावेज भी पूर्ण कर रखे है। उन्हें इंतजार है तो प्रदेश सरकार के आदेश का, जिसके बाद वह फार्म भरकर लाडली बहना योजना में शामिल हो जायेगी। गौरतलब रहे कि पूर्व में लाडली बहना योजना में आयु की बाध्यता थी। पूर्व में 23 से 59 वर्ष की तक की आयु की विवाहिताओं को ही योजना का लाभ मिल रहा था। इसमें भी कई महिलाएं ऐसी है, जिन्होंने योजना का फॉर्म तो भरा था, लेकिन वह योजना में शामिल नहीं हो पाई वहीं कई दस्तावेजों की कमी सहित अन्य कारणों से योजना में शामिल नहीं हो पाई। ऐसी महिलाएं अब लाडली बहना योजना का पंजीयन पुनः शुरू होने का इंतजार कर रही है, ताकि उन्हें भी लाडली बहना योजना का लाभ मिल सके।

### बाइक पर घूमकर राहगीरों से लूटपाट करते थे आरोपी

## लूट की 3 वारदातों का खुलासा चार नाबालिग गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कोतवाली पुलिस ने लूट की तीन अलग-अलग वारदातों का खुलासा करते हुए 4 नाबालिगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी मोटरसाइकिल से घूम-घूमकर राह चलते व्यक्तियों से मोबाइल फोन, नकदी एवं वाहन छीनने की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। पुलिस ने आरोपियों से लूट में प्रयुक्त 1 मोटरसाइकिल (एचएफ डीलक्स), 05 मोबाइल फोन एवं नकद राशि बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपियों में से 2 के विरुद्ध पूर्व में हत्या का अपराध पंजीबद्ध होना पाया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 20 जनवरी 2026 को अथर्व दुबे की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल एवं मोबाइल लक्की ढाबा के पास शाम लगभग 5.16 बजे छीना गया। 30 जनवरी को फुलेसिंह की मोटरसाइकिल, मोबाइल एवं 150 रुपये हाईवे फोरलेन से शाम लगभग 7 बजे लूटे गए। इसी तरह तीसरी घटना 9 फरवरी 2026 को हुई। सुरजू का बैग, जिसमें 5000 रुपये थे, टिगारिया से लापाझिरी मार्ग पर छीना लिये थे। आरोपियों द्वारा बैतूलगंज के भी एक किराना व्यवसायी को लूटने की योजना बनाई थी। पुलिस ने इन अलग-अलग वारदातों का खुलासा करते हुए 4 नाबालिगों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि इन आरोपियों ने गंज के एक व्यापारी को भी लूटने की योजना बनाई थी। उक्त कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी एवं एसडीओपी श्री सुनील लाटा के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। संपूर्ण कार्यवाही में थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवकरण डेहरिया के नेतृत्व में उप निरीक्षक उत्तम मस्तकार, उप निरीक्षक वसंत अहाके, प्रधान आरक्षक शिव उईके, प्रधान आरक्षक तरुण पटेल, आरक्षक अनिरुद्ध यादव, आरक्षक नितिन चौहान, आरक्षक विशाल, आरक्षक दीपेन्द्र सिंह एवं आरक्षक राजेंद्र धाड़से की सराहनीय भूमिका रही।

### अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, बैंक कर्मचारी की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मंगलवार शाम सडक़ हादसे में निजी बैंक के कर्मचारी 32 वर्षीय आशीष रावन्दे की मौत हो गई। चिचोली से बाइक से अपने गांव धामोरी लौटते समय अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी थी। गंभीर हालत में उन्हें बैतूल से भोपाल एम्स रेफर किया गया था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार, आशीष मंगलवार शाम चिचोली से अपनी बाइक पर सवार होकर गृहग्राम धामोरी लौट रहे थे। इसी दौरान हिवरखेड़ी के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। राहगीरों ने खून से लथपथ आशीष को सडक़ पर देखा और तत्काल एंबुलेंस बुलाकर बैतूल जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें देर रात भोपाल रेफर कर दिया, लेकिन भोपाल एम्स पहुंचने पर डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस दुखद घटना के बाद से मृतक के परिवार और पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने बताया कि आशीष चिचोली स्थित यस बैंक में रिकवरी ऑफिसर के पद पर कार्यरत थे।

महज 15 दिन पहले ही भोगी टेढा गांव में उनकी सगाई हुई थी। घर में नई बहू के आने और शादी की खुशियों को लेकर दोनों परिवार तैयारियों में लगे हुए थे, लेकिन इस हादसे ने पल भर में सारी खुशियां छीन लीं। बुधवार को भोपाल एम्स से शव वापस बैतूल जिला अस्पताल लाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल, पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर लिया है और टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस जांच में जुटी हुई है।

## कोतवाली पुलिस ने चोरी गया ट्रेक्टर-ट्रॉली किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



कोतवाली पुलिस ने चोरी गए ट्रेक्टर-ट्रॉली को बरामद किया है। 21 फरवरी को शिवराज सिंह परमार द्वारा अपना महिन्द्रा कंपनी का ट्रेक्टर (मॉडल अर्जुन नोवो 605 डीआई) फारेस्ट नाका के पास स्थित खेत में खड़ा किया गया था। 22 फरवरी को उक्त ट्रेक्टर मौके से गायब पाया गया। इस संबंध में थाना कोतवाली में धारा 305(बी) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस द्वारा संभावित स्थानों पर अज्ञात आरोपी एवं ट्रेक्टर-ट्रॉली की तलाश की गई। सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण करते हुए ट्रैकिंग के आधार पर पुलिस टीम आठवा मील पाढर रोड क्षेत्र में पहुँची। इसी दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि लाल रंग का महिन्द्रा कंपनी का ट्रेक्टर ट्रॉली सहित बाँसपुर से उमरवानी की ओर जाते देखा गया है। सूचना के आधार पर क्षेत्र में सघन सर्चिंग की गई, जिसके दौरान ट्रेक्टर-ट्रॉली जंगल क्षेत्र में परित्यक्त अवस्था में मिला। पुलिस द्वारा विधिवत जप्ती कार्यवाही की गई। बरामद ट्रेक्टर की अनुमानित कीमत लगभग 8 लाख रुपये है। ट्रॉली पुरानी अवस्था की है, जिस पर सफेद पेंट से राजपुत कृषि फार्म रातामाटी अंकित है। उक्त कार्रवाई थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक देवकरण डेहरिया के नेतृत्व में संपन्न हुई।

## शिविर में 820 गर्भवती महिलाओं की जांच, 349 हाई रिस्क मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



गर्भावस्था से संबंधित जटिलताओं का पता लगाने और समय रहते उनका उपचार सुनिश्चित कर सुरक्षित प्रसव करवाने प्रतिमाह 9 एवं 25 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जाता है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज कुमार हुरमाडे ने बताया कि 25 फरवरी को जिले में आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर में 820 गर्भवती महिलाओं की जाचं एवं 349 हाई रिस्क चिन्हित तथा 75 महिलाओं की सोनोग्राफी की गई। शिविर में महिलाओं की खून की जांच एवं जीडीएम की जांच की गई। जिला चिकित्सालय बैतूल में आयोजित शिविर में स्त्री रोग चिकित्सक डॉ. भावना कवडकर द्वारा 58 गर्भवती महिलाओं की चिकित्सकीय जांच की गई, जिसमें 14 गर्भवती महिलाओं को हाई रिस्क के रूप में चिन्हित किया गया। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. वंदना धाकड द्वारा 75 गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी की गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अम्बेडकर वार्ड शहरी क्षेत्र बैतूल में चिकित्सा अधिकारी डॉ कृष्णा मौसिक द्वारा 74 गर्भवती महिलाओं की चिकित्सकीय जांच की गई, जिसमें 31 गर्भवती महिलाओं को हाई रिस्क के रूप में चिन्हित किया गया।

## श्री शिव महापुराण कथा का समापन, हुआ भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर



ग्राम भयावाड़ी में चल रही श्री शिव महापुराण कथा का समापन किया गया। श्री शिव महापुराण कथा के सातवें दिन कथा वाचक डॉ. पंडित राजुल पांडे पचमढ़ी से लेकर कथा में सहयोग करने वाले सभी भक्तगणों का स्वागत और सम्मान किया गया। कथा के विश्राम दिवस पर श्रद्धालुओं ने आरती और प्रसादी स्वरूप भंडारे का लाभ प्राप्त किया। सातों दिनों तक कथा का वाचन करने वाले पंडित राजुल पांडे ने ग्राम भयावाड़ी का नाम शिवनगर के रूप में दिया। उन्होंने आगामी श्री शिव महापुराण कथा जो मई महीने में शाहपुर में होने वाली है, उसकी भी घोषणा की। कथा में सातों दिन संगीत देने वाले गायक कीरत सिंह सिनोदिया सिवनी ने सुंदर स्तुति विदाई गीत के रूप में दी। समाज के अध्यक्ष श्रीकेश पटेल छुरी , राधेलाल घनकारे, प्रीतम बाबूजी, संतोष वर्मा, वरिष्ठ पत्रकार कैलाश अग्निहोत्री भौंरा, संजय जगताप पत्रकार शाहपुर, आदि गणमान्य नागरिक,भक्त जन, उपस्थित रहे।

### मोबाइल को बताया सिगरेट और नशे से भी खराब

## मुंबई से आए प्रोफेसर ने सिखाए जिंदगी को खुशहाल बनाने के तरीके



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा

ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के स्थानीय सेवा केंद्र द्वारा मंगल भवन पंचायत परिसर भौंरा में वाह जिंदगी वाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मुंबई से पधारे प्रोफेसर ईवी गिरीश ने अपने उद्बोधन में सभी को समाज का सजग दर्पण बताते हुए उनके परिवार तथा समाज के लिए किए प्रयासों, कार्यों और देश तथा समाज प्रति योगदान को सराहा। उन्होंने आध्यात्मिकता का वास्तविक अर्थ समझाते हुए कहा कि आध्यात्मिकता धर्म, जाति, लिंग आयु की सीमाओं से उठकर सबको एक जैसी दृष्टि और समान भाव से देखना और व्यवहार में आना है। यह स्वयं, परिवार और समाज के लिए अच्छा बनना है। आज के बदलते और तनावपूर्ण माहौल में स्वयं को आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित जनों से आह्वान किया कि वे अपने मन को सकारात्मक दिशा में स्थिर रखते हुए जीवन में आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाएं। इस अवसर पर बैतूल सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी मंजू दीदीजी ने सभी को जानकारी दी कि आगामी 27, 28 फरवरी एवं 1 मार्च को तीन दिवसीय विशेष कार्यक्रम वाह जिंदगी वाह का आयोजन किया गया है। जो प्रतिदिन सायं 6 बजे से 8 बजे तक ब्रह्माकुमारीज़ भाग्यविधाता भवन में आयोजित होगा।

### प्रोफेसर गिरीश ने सार्थक संवाद के माध्यम से बताए नकारात्मक वातावरण में भी सकारात्मक रहने के तरीके

## प्रिंट और डिजिटल मीडिया के प्रतिनिधियों को ब्रह्माकुमारीज ने किया सम्मानित






हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

ब्रह्माकुमारी संस्थान के स्थानीय सेवाकेंद्र भाग्यविधाता भवन बटामा में आज बधवार को सुबह 10.30 बजे से पत्रकार बंधुओ, प्रिंट और डिजिटल मीडिया के प्रतिनिधियों के लिए ₹विशेष संवाद एवं सम्मान समारोह₹ का आयोजन आध्यात्मिक एवं दिव्य वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में जिले के प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं डिजिटल मीडिया से जुड़े बडी संख्या में पत्रकार बंधु उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता इंटरनेशनल मोटिवेशनल स्पीकर, कॉरपोरेट ट्रेनर एवं लाइफ कोच मुंबई से पधारे प्रोफेसर ई. वी. गिरीश ने अपने प्रेरक उद्बोधन में पत्रकारिता को समाज का सजग दर्पण बताते हुए सभी को उनके प्रयासों, कार्यों और देश व समाज के प्रति योगदान को सराहा। उन्होंने सभी को आध्यात्मिकता का वास्तविक अर्थ समझाते हुए कहा कि आध्यात्मिकता का मतलब धर्म, जाति, लिंग, आयु की सीमाओं से ऊपर उठकर सबको एक जैसी दृष्टि और समान भाव से देखना और इसे व्यवहार में लाना है। हमें स्वयं को, परिवार और समाज के लिए अच्छा बनना है। आज के बदलते और तनावपूर्ण माहौल में स्वयं को आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाना अत्यंत आवश्यक है। यदि आपका मन, आत्मा सशक्त रहेगी तो आप बुरी से बुरी परिस्थितियों का सामना भी अच्छे से कर सकोगे। उन्होंने उपस्थित जनों से आह्वान किया कि वे अपने मन को सकारात्मक दिशा में स्थिर रखते हुए जीवन में आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाएं। इस अवसर पर बैतूल सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी मंजू दीदी ने सभी पत्रकार बंधुओं का स्वागत करते हुए धन्यवाद व्यक्त करते हुए जानकारी दी कि आगामी 27, 28 फरवरी एवं 01 मार्च को तीन दिवसीय विशेष कार्यक्रम वाह जिंदगी वाह का आयोजन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### इंडिया पोस्ट में डिजिटल भुगतान से बढ़ी परेशानी

**पिपरिया।** क्षेत्र के रेलवे स्टेशन परिसर, मंगलवारा चौराहा और पचमढ़ी रोड स्थित डाकघरों में डिजिटल भुगतान अनिवार्य किए जाने से उपभोक्ता परेशान हैं। नर्मदापुरम संभाग के आदेश पर रजिस्ट्री सेवा बंद कर सीधे स्पीड पोस्ट किया जा रहा है। पहले 40 रुपये में होने वाला स्पीड पोस्ट अब 52 रुपये में किया जा रहा है। साथ ही नकद भुगतान पूरी तरह बंद कर दिया गया है। कई लोगों के पास डिजिटल सुविधा न होने से दिक्कत बढ़ी है। पोस्टमास्टर ने बताया कि केंद्र सरकार के निर्देशों के अनुसार ही व्यवस्था लागू की गई है।

### सर्व ब्राह्मण महिला मंडल ने मनाया होली उत्सव



**माखननगर।** परशुराम भवन में सर्व ब्राह्मण महिला मंडल ने होली उत्सव का आयोजन किया। महिलाओं ने फाग गीत गए एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

### बाजार से प्रायः नदारद ही रहते हैं बाजार बीट के पुलिसकर्मी, परेशान नागरिक

# स्टेट हाईवे पर एसडीएम और एसडीओपी कार्यालय के सामने प्रतिदिन लगता जाम

शहर में रोजाना लगने वाला जाम स्थाई समस्या बन चुका है। जिसके कारण नागरिकों को प्रतिदिन परेशानियां झेलनी पड़ती हैं। नागरिकों का कहना है कि समस्या समाधान के लिये प्रशासन कुछ भी नहीं कर पा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोहागपुर



बुधवार दोपहर लगभग 12 बजे एसडीओपी कार्यालय के ठीक सामने दो बसें आमने-सामने आकर यात्रियों को उतारने एवं बिठाने के लिए खड़ी हो गईं। इस दौरान करीब दो से तीन मिनट तक ये बसें खड़ी रहीं। जिसके चलते दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गईं।

पुराने बस स्टैंड से शुरू हुई कतार नर्मदापुरम रोड की ओर पलकमती पुल के दूसरे चेहरे तक छोर तक पहुंची। वहीं पिपरिया मार्ग पर यह कतार लगभग 300 से 400 मीटर लंबी थी। नागरिकों ने कहा कि नए बस स्टैंड पर बसों का स्टॉपेज निर्धारित किया गया है। लेकिन बस संचालक शासकीय नियमों की अनदेखी कर रहे हैं व मनमाने ढंग से तीन से पांच मिनट तक बसों के स्टॉपेज एसडीएम तथा एसडीओपी कार्यालयों के ठीक सामने स्टेट हाईवे पर करते हैं। नागरिकों ने समस्या समाधान की अपेक्षा प्रशासन से की है।

#### गायब रहते हैं बाजार बीट से पुलिसकर्मी

उल्लेखनीय है कि पुलिस द्वारा बाजार में हाईवे पर यातायात के सुव्यवस्थित प्रबंधन के लिए क्षेत्र में दो पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। लेकिन नागरिक बताते हैं कि दोनों पुलिसकर्मी प्रायः पान के टपों या चाय की गुमठियों पर खड़े रहते हैं। बाजार बीट में उनकी ड्यूटी बस इतनी ही रहती है। वे बाजार में यातायात अव्यवस्था के सुधार के लिए प्रयास करते नजर ही नहीं आते हैं। जिसके कारण प्रतिदिन बार-बार स्टेट हाईवे पर शहर में जाम लगता है। नागरिकों ने थाना प्रभारी तथा एसडीओपी से अपेक्षा की है कि कर्मचारियों की मनमानी पर नकल कसें।

#### बाईपास एकमात्र विकल्प

नागरिकों का कहना है कि पिछले डेढ़ दशक से अधिक समय से सोहागपुर शहर से बाहर बाईपास निर्माण की मांग चल रही है। वर्ष 2008 में लोक निर्माण विभाग के द्वारा बाईपास के लिए सर्वे भी किया गया था। सर्वे का नक्शा भी जनता के बीच काफी पहले मीडिया द्वारा उजागर कर दिया गया है। लेकिन इसके बाद भी शासन तथा प्रशासन बाईपास निर्माण के लिए कुछ नहीं कर पा रहे हैं। अब जनता को अपेक्षा है कि सांसद तथा विधायक के प्रयासों से जो फोरलेन स्वीकृत हुआ है, उसका निर्माण ही शीघ्र प्रारंभ हो। ताकि रोजाना जाम की बाधा से क्षेत्रवासियों को सदैव के लिये छुटकारा मिल सके। इस संबंध में एसडीओपी संजू चौहान का कहना है कि फिलहाल परीक्षा व वीआईपी मूवमेंट में बल तैनात है। पुलिसकर्मियों के लौटते ही उन्हें सुधार व्यवस्था के निर्देश देंगे।

### उड़नदस्ते ने स्कूलों का निरीक्षण किया

# शांतिपूर्ण ढंग से हुई 5वीं-8वीं की परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| इटारसी

जनपद शिक्षा केंद्र नर्मदापुरम द्वारा गठित विकासखंड स्तरीय निरीक्षण दल ने बुधवार को इटारसी क्षेत्र के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का सघन अवलोकन किया। दल ने पाया कि सभी केंद्रों पर कक्षा 5 वीं और 8 वीं की परीक्षा शासन के नियमानुसार विधिवत संचालित हो रही है। इस दौरान किसी भी प्रकार के नकल प्रकरण नहीं बना। विद्यार्थियो ने परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से दी।

#### इन स्कूलों का अवलोकन किया गया

निरीक्षण दल ने बालक उमावि इटारसी, सीएम राइज स्कूल, पीएमश्री कन्या उमावि और गुरुनानक पब्लिक स्कूल का दौरा किया। बुधवार को कक्षा 5वीं का पर्यावरण और कक्षा 8वीं का विज्ञान विषय का प्रश्नपत्र था। निरीक्षण दल प्रभारी सीवी वशिष्ठ ने बताया कि सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण रही और कहीं भी कोई अनियमितता नहीं पाई गई। कन्या स्कूल के प्रधान पाठक महेश रैकवार ने जानकारी दी कि कक्षा 5वीं की परीक्षाएं आज समाप्त हो गई हैं और सभी परीक्षा दिवसों में व्यवस्थाएं सुचारू रहीं। दल प्रभारी सीवी वशिष्ठ के साथ परमसुख गढ़वाल, कमलेश टेकाम, कुंअर सिंह वाडिवा, रामकृष्ण पुरोहित और जनशिक्षक रामभरोस यादव उपस्थित थे।

# स्टेट हाईवे पर जलभराव रोकने नहीं खुल सका नाला तो सड़क किनारे किया गड्ढा

रिभूमि न्यूज ▶▶| सोहागपुर

शहर में सीएम राइज़ स्कूल के सामने स्टेट हाईवे पर जलभराव समस्या तीन वर्षों से बनी हुई है। प्रशासन समाधान तो नहीं कर पा रहा है, लेकिन आक्रोशित लोगों को शांत रखने हाईवे किनारे गड्ढे खोदने जैसे हास्यास्पद कदम जरूर उठा रहा है। जलभराव स्थल के आसपास के रहवासियों ने बताया कि महा शिवरात्रि के कुछ दिन पूर्व तक स्टेट हाईवे पर जल भराव की स्थिति थी। चूंकि शिवरात्रि पर हजारों भक्त नर्मदापुरम मार्ग स्थित शिव पार्वती मंदिर मेले में आते जाते हैं। भव्य शिव बारात भी सोहागपुर में निकाली जाती है, जिसमें हजारों लोग शामिल होकर जल भराव वाले स्थल से ही शिव मंदिर जाते हैं। उस दौरान नागरिकों को परेशानी ना हो, इसलिए प्रशासन ने जलभराव स्थल से कुछ फुट पहले ही गहरा गड्ढा स्टेट हाईवे किनारे खोदा। ताकि होटल एवं निर्माणाधीन स्टेडियम की तराई से बहने वाला पानी गड्ढे में रुक सके और स्टेट हाईवे पर जल भराव ना हो। लेकिन अब गड्ढा पानी से फुल है और आने वाले दिनों में पुनः स्टेट हाईवे पर जलभराव होगा। जनता की अपेक्षा है कि हास्यापद तरीके अपनाने की अपेक्षा समस्या का स्थाई समाधान किया जाए।



#### हरिभूमि फॉलोअप — बंद है नाला

नागरिकों के अनुसार जलभराव की समस्या तब से शुरू हुई जब से स्टेट हाईवे से लगे नाले को बंद किया गया। यदि नाला बंद नहीं होता तो पूर्व के वर्षों की भांति पानी का बहाव नाले से होता एवं कोई समस्या नहीं बनती। लेकिन नाला बंद होने के बाद स्टेट हाईवे पर पानी भरता है तथा बरसात में स्टेट हाईवे का लगभग 100 मी का हिस्सा पूरी तरह जलमग्न हो जाता है। जिससे लोग दुर्घटनाओं में चोटिल होते हैं। नागरिकों के अनुसार स्टेट हाईवे किनारे गड्ढे खोदना वैकल्पिक व्यवस्था है, लेकिन यह स्थाई समाधान नहीं है।

# बाल विवाह के खिलाफ अभियान का आयोजन



रिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनीमालवा

शासकीय कुसुम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सिवनी मालवा में बाल विवाह के खिलाफ 100 दिवसीय जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश रघुवंशी और मुख्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की गई। डॉ. रघुवंशी ने बाल विवाह को एक सामाजिक कुप्रथा बताते हुए इसके खिलाफ जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर बल दिया। मालती गौर ने बाल विवाह को शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य के लिए बाधक बताया।

वहीं संगीता यादव ने भारतीय बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 का उल्लेख करते हुए इसे गैर-कानूनी करार दिया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग की सुचित्रा रजावत ने बाल विवाह रोकने के उपायों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. रेखा पटेल ने किया।

# पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को जागरुक किया




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में भारत सरकार, एमएसएमई मंत्रालय, एमएसएमई विकास कार्यालय इंदौर द्वारा जिला प्रशासन नर्मदापुरम के सहयोग से बुधवार को पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शासकीय संभागीय आईटीआई नर्मदापुरम में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थितजनों को उद्यमिता, वित्तीय सहायता, ई-कॉमर्स, शासकीय योजनाओं, कौशल विकास, मार्केटिंग, लोन प्रोसेस संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। भारतीय डाक द्वारा डिजिटल ट्रांजेक्शन को बढ़ावा देने हेतु क्यूआर कोड लाभार्थियों को निशुल्क उपलब्ध करवाए गए।

कार्यक्रम में एमएसएमई इंदौर से सहायक निदेशक गौरव गोयल एवं विकास, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से प्रबंधक देवेंद्र रघुवंशी, अग्रणी जिला बैंक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से रमेश वाघेलिया, भारतीय डाक विभाग से प्रदीप कुमार एवं तिर्की, शासकीय संभागीय आईटीआई नर्मदापुरम से प्राचार्य संजय टेकाम आदि मौजूद रहे।

### सूर्य योजना से किसानों को सोलर पंप की सुविधा



**नर्मदापुरम।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना (पी.एम. कुसुम-बी) के तहत जिला नर्मदापुरम के किसानों को सिचाई सुविधा सुलभ कराने के लिए विशेष कदम उठाए जा रहे हैं। मध्य प्रदेश ऊर्जा विकास निगम (एम.पी.ई.डी.सी.) द्वारा जिले में कुल 438 किसानों का चयन किया गया है ताकि उन्हें ऑफ-ग्रिड सोलर पम्प प्रदान किया जा सके।इस योजना के माध्यम से किसानों को दिन के समय निरंतर सिंचाई, खेती में कम लागत और पर्यावरण संरक्षण में योगदान जैसे लाभ मिल रहे हैं। यह पहल किसानों की उत्पादकता बढ़ाने के साथ-साथ स्वच्छ ऊर्जा के प्रयोग को भी बढ़ावा दे रही है।

# रोजाना अनलोडिंग वाहनों से बाजार में बाधित होती आवाजाही

रिभूमि न्यूज ▶▶| सोहागपुर



शहर के बाजार के अंदरूनी रास्तों पर प्रतिदिन अनलोडिंग वाहनों के कारण आवाजाही की बाधा होती है। रोजाना देर शाम अनलोडिंग वाहन बाजार के सभी अंदरूनी रास्तों को बाधित करते हैं। नागरिकों ने सुधार की अपेक्षा प्रशासन से की है। नागरिकों के अनुसार कई व्यापारी पिपरिया, नर्मदापुरम आदि क्षेत्रों से सामग्री मंगवाते हैं। सामग्री लेकर आने वाले वाहन मुख्य बाजार के मुख्य मार्ग पर रोके जाते हैं। तथा मार्ग पर ही अनलोडिंग की जाती है। जब तक अनलोडिंग नहीं हो जाती, तब तक बाजार के मार्गों पर आवाजाही बाधित होती है। यदि कोई अन्य चौपाहिया वाहन इस दौरान बाजार क्षेत्र से गुजरता है तो जाम लगना तय हो जाता है। वहीं दुकानों का विस्तार भी मुख्य बाजार पर कर दिया जाता है। जिसके कारण बाधा और अधिक बढ़ जाती है। इसके अलावा अस्थाई दुकानें भी मुख्य मार्ग पर ही लगाई जाती हैं और उनके कारण भी यातायात की बाधा उत्पन्न होती है। नागरिकों ने सुधार की अपेक्षा की है।

# निशुल्क मेगा शिविर आयोजित किया गया

रिभूमि न्यूज ▶▶| पिपरिया



जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत हंथवास में चतुर्भुज पालीवाल की स्मृति में निशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सागर मल्टी भोपाल की टीम ने मरीजों की मुफ्त जांच कर दवाइयों का वितरण किया। आयोजन किरण पालीवाल और अनिरुद्ध पालीवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पिपरिया नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, भाजपा जिला महामंत्री ममता नागवंशी, पूर्व जिला सतर्कता सदस्य अरविंद राय सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में हुआ। इसी प्रकार पिपरिया सिविल अस्पताल में नर्मदा अपना अस्पताल के संचालक डॉ. राजेश शर्मा द्वारा भी निशुल्क मेगा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में हड्डी रोग, जनरल सर्जरी, स्त्री रोग, शुगर और नेत्र रोग विशेषज्ञों ने सेवाएं दीं। लगभग 450 मरीजों की जांच कर निशुल्क दवाइयां वितरित की गईं तथा आयुष्मान कार्ड सुविधा की जानकारी भी दी गई।

# 14 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा

रिभूमि न्यूज ▶▶| पिपरिया



मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियों को लेकर पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र के न्यायालय परिसर में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रथम जिला न्यायाधीश एवं तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार अग्रवाल ने अधिवक्ताओं से अधिक से अधिक प्रकरण लोक अदालत में रखने और पक्षकारों को इसके लाभ बताने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि सिविल, आपराधिक, चेक बाउंस, मोटर दुर्घटना क्लेम, विद्युत बकाया, पारिवारिक विवाद, श्रम एवं सहकारिता सहित विभिन्न मामलों का निराकरण आपसी सहमति से किया जाएगा। साथ ही बैंक ऋण, बिजली बिल, जलकर और संपत्ति कर बकाया मामलों में नियमानुसार छूट का लाभ भी दिया जाएगा। बैठक में अर्चना रघुवंशी, मनीष कुमार पारीक, अखिलेश चांडक, दिशा चांडक, धर्मेन्द्र नागवंशी, वेद प्रकाश भार्गव एवं अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे। नागरिकों से 14 मार्च को न्यायालय पहुंचकर प्रकरणों का निराकरण कराने की अपील की गई।

# श्रीअन्न से सशक्त स्वास्थ्य मिलेट व्यंजन मेला आयोजित

रिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनीमालवा



शासकीय कन्या महाविद्यालय, सिवनी मालवा में 25 फरवरी 2026 को इको क्लब के तत्वावधान में "श्रीअन्न (मिलेट) व्यंजन मेला" का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में कुसुम महाविद्यालय, सिवनी मालवा के प्राचार्य डॉ. आर. के. रघुवंशी सहित अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे।छात्राओं ने रागी लड्डू, बाजरा खिचड़ी, ज्वार रोटी, कोदो पुलाव व कुटकी उपमा जैसे पौष्टिक व्यंजन प्रस्तुत किए तथा उनके पोषण व पर्यावरणीय लाभ बताए। वक्ताओं ने कहा कि मिलेट्स कम पानी में उगने वाली, जलवायु अनुकूल और स्वास्थ्यवर्धक फसलें हैं।कार्यक्रम के अंत में सभी ने पर्यावरण संरक्षण व सतत जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। यह आयोजन स्वास्थ्य जागरूकता और पर्यावरण संदेश का प्रभावी माध्यम बना।

### संभाग स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित

# संगठित अपराधों पर संयुक्त कार्रवाई की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्मदापुरम



संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी की अध्यक्षता में बुधवार को संभाग स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक मिथलेश कुमार शुक्ला, मुख्य वन संरक्षक मधु वी. राज, वन संरक्षक अशोक कुमार, कलेक्टर बैतूल नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेंद्र जैन, कलेक्टर हरदा सिद्धार्थ जैन, पुलिस अधीक्षक हरदा, पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम, डीएफओ नवीन गर्ग, डीएफओ लक्ष्मीकांत वासनिक सहित बैतूल, हरदा एवं नर्मदापुरम जिलों के जिला पंचायत सीईओ तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, नर्मदापुरम वनमंडल (सामान्य) तथा दक्षिण एवं पश्चिम बैतूल वनमंडलों द्वारा वन अपराध प्रबंधन प्रणाली सॉफ्टवेयर पर ऑनलाइन प्रविष्टियाँ की जा रही हैं।

वन एवं पुलिस विभाग के समन्वय से संयुक्त सूची तैयार कर संगठित वन अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई की गई है। संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि भविष्य में भी वन, राजस्व एवं पुलिस विभाग आपसी समन्वय से निरंतर कार्यवाही जारी रखें। रामपुर भतोड़ी परियोजना अंतर्गत चोपना परिक्षेत्र में सामूहिक अतिक्रमण के प्रकरणों में वन एवं पुलिस विभाग द्वारा आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वन प्रतिबंधित क्षेत्रों में किसी भी प्रकार के स्थायी निर्माण को रोकने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में तीनों जिलों में वन व्यवस्थापन से संबंधित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की गई। संभागायुक्त ने निर्देशित किया कि वन व्यवस्थापन के प्रकरणों का उच्च प्राथमिकता से निराकरण किया जाए। भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 4 के अंतर्गत अधिसूचित वनखंडों में धारा 5 से 19 तक की कार्यवाही निर्धारित समयसीमा में पूर्ण की जाए। वन व्यवस्थापन के क्षेत्र में अच्छे कार्य के लिए बैतूल जिले की सराहना भी की गई। वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के अंतर्गत पूर्व में व्यपवर्तित वन भूमि के बदले वन भूमि अप्राप्त/अतिक्रमित होने के मामलों की समीक्षा की गई।

### बघवाड़ा वॉलीबॉल: नरसिंहपुर विजेता



**सिवनीमालवा।** ग्राम बघवाड़ा में आयोजित अखिल भारतीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन 24 तारीख को उत्साहपूर्वक हुआ। मुंबई, राजस्थान, कटोल, बैतूल, नरसिंहपुर और इंदौर सहित कुल 16 टीमों ने भाग लेकर शानदार खेल का प्रदर्शन किया। रोमांचक फाइनल में नरसिंहपुर ने बैतूल को हराकर खिताब अपने नाम किया। विधायक प्रेम शंकर वर्मा ने विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान किए। आयोजन समिति के सक्रिय सहयोग से प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

# श्री ज्ञान रत्न एकेडमी में नवाचारपूर्ण तरीके से कराया जा रहा रसायन विज्ञान का शिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिवनीमालवा



श्री ज्ञान रत्न एकेडमी में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं अनुभवात्मक शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से रसायन प्रयोगशाला में विशेष प्रायोगिक सत्र आयोजित किया गया।

इस पहल के अंतर्गत छात्रों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित न रखते हुए विभिन्न रासायनिक प्रयोग स्वयं करने तथा अभिक्रियाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन करने का अवसर दिया जा रहा है। प्रयोगात्मक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने वैज्ञानिक सिद्धांतों को व्यवहारिक रूप में समझा, जिससे उनकी जिज्ञासा, विश्लेषण क्षमता और वैज्ञानिक सोच में सकारात्मक वृद्धि देखी गई। शिक्षकों के मार्गदर्शन में छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रयोगों में भाग लिया और सीखने की प्रक्रिया को अधिक रोचक एवं प्रभावी बनाया।

विद्यालय द्वारा अपनाई गई यह नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धति विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करने के साथ-साथ उन्हें प्रायोगिक अधिगम की ओर प्रेरित कर रही है। श्री ज्ञान रत्न एकेडमी का यह प्रयास आधुनिक और प्रभावी शिक्षा की दिशा में एक सराहनीय कदम माना जा रहा है।

**खबर संक्षेप**

## रोहित तिवारी बने राष्ट्रीय प्रचार मंत्री



**हरदा।** अखिल भारतीय श्री गुर्जरगौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री के पद पर वरिष्ठ समाजसेवी एवं पत्रकार रोहित तिवारी का मनोनयन किया गया है। महासभा के अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने श्री तिवारी की संगठन के प्रति निष्ठा,समर्पण,सेवा भाव एवं उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता को ध्यान में रखकर वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी रोहित तिवारी को राष्ट्रीय प्रचार मंत्री बनाया है। उनकी नियुक्ति पर सर्व ब्राह्मण समाज के कार्यकारी अध्यक्ष पंडित ओमप्रकाश पुरोहित, संरक्षक चंद्रकांत शुक्ला, राजेश पाराशर, महामंत्री लोकेश शर्मा, उत्तम तेनगुरिया,संयोजक प्रदीप पटेल, नितेश बादर, अखिलेश पाराशर, विशाल तिवारी, संजोग व्यास ,विवेक बादर, सुदीप मंडलोई, नवीन शर्मा,दीपक शुक्ला,सौरभ तिवारी , शांति कुमार जैसानी,संतोष व्यास, मनीष व्यास, विनय तिवारी, प्रफुल्ल व्यास , दीप उपाध्याय सहित समाजजनों ने उन्हें बधाई दी।

## राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान कबड्डी प्रतियोगिता आज

**हरदा।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान अंतर्गत जिले में पारम्परिक खेलों को प्रोत्साहित किये जाने के उद्देश्य से शासन द्वारा दिये गये निर्देशानुसार 26 फरवरी को प्रातः 10 बजे से नेहरू स्टेडियम हरदा में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रतियोगिता में जिला स्तरीय विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार राशि 21 हजार रूपये, द्वितीय पुरस्कार राशि 11 हजार रूपये एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में 5100 रुपये की राशि तथा सांत्वना पुरस्कार के रूप में 1100 रूपये के तीन पुरस्कार प्रदान किये जएंगे।

## अवैध मदिरा के विरुद्ध 8 प्रकरण दर्ज किए गए

**हरदा।** आबकारी विभाग के मंगलवार को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने वृत्त टिमरनी के ग्राम इकडालिया, गोगिया, कामलिया ढाबा, शीतल ढाबा, राजपूत ढाबा, करताना, छीपानेर व गोंदागांव में दबिश दी। दबिश के दौरान कुल 18 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब, 21 पाव देशी शराब एवं 560 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त कर आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 8 प्रकरण दर्ज किये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 61175 रूपये है।

## युनुस उर्फ कट्टू पर रासुका की कार्रवाई की

**हरदा।** कलेक्टर एवं जिलादंडाधिकारी सिद्धार्थ जैन ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर आपराधिक गतिविधियों में लिप्त युनुस उर्फ कट्टू पिता शेख मुबीन, उम्र 30 साल, निवासी फाइल वार्ड हरदा को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 की धारा 3(2) के तहत निरुद्ध करने का आदेश जारी किया है, जो आरोपी को निरूद्ध किये जाने की वास्तविक तिथि से आगामी 3 माह की अवधि के लिये वैध होगी। उल्लेखनीय है कि युनुस उर्फ कट्टू पर 2016 से अब तक मारपीट, जान से मारने की धमकी, घर में घुसकर महिलाओं से छेड़छाड़, एससी/एसटी एक्ट के तहत अत्याचार, अवैध मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध हथियार रखने, सट्टा संचालन, हत्या और हत्या के प्रयास जैसे कई गंभीर अपराध दर्ज हैं।

## कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित

**सीहोर।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिलेभर से आए 85 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। जिला मुख्यालय के साथ ही जनपद कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई।

### भारतीय मजदूर संघ का राष्ट्रव्यापी आह्वान, 46 सूत्रीय मांगें

# 18 संगठनों से जुड़े कर्मचारियों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



बुधवार को भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान करीब 18 संगठनों से जुड़े कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट चौराहे पर एकत्र होकर प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम 46 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर सतीश राय को सौंपा। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी शामिल रहीं, जिनमें नाराजगी देखी गई। टिमरनी से आईं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता राजकुमारी सोनपुरे ने कहा कि धरने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की संख्या सबसे अधिक रही, लेकिन उनकी मांगों को सूची में अंतिम स्थान पर रखा गया। मजदूर संघ के सदस्य पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे और संयुक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में राष्ट्रहित और मजदूर हित से जुड़ी कुल 46 मांगें शामिल की गईं। ज्ञापन में आशा कार्यकर्ताओं को सरकारी कर्मचारी घोषित कर प्रोत्साहन राशि के स्थान पर नियमित मानदेय देने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई।हरदा में बुधवार को भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) के आह्वान पर राष्ट्रव्यापी धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान करीब 18 संगठनों से जुड़े कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट चौराहे पर एकत्र होकर प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम 46 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर सतीश राय को सौंपा। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी शामिल रहीं, जिनमें नाराजगी देखी गई। टिमरनी से आईं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता राजकुमारी सोनपुरे ने कहा कि धरने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की संख्या सबसे अधिक रही, लेकिन उनकी मांगों को सूची में अंतिम स्थान पर रखा गया।

इसके साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने तथा उनके मानदेय में वृद्धि की मांग की गई। एनएचएम के संविदा कर्मियों की बीमा, स्थानांतरण और वेतन संबंधी विसंगतियों को दूर करने की मांग भी शामिल रही। प्रदर्शनकारियों ने सहकारिता क्षेत्र में वेतनमान पुनरीक्षण की विसंगतियों के निराकरण, जिला सहकारी बैंकों में सहायक महाप्रबंधक पद सृजन तथा बैंकिंग क्षेत्र में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने की मांग रखी। इसके अलावा वर्ष 2001 से पूर्व के संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण और मृतक आश्रितों को नौकरी देने के आदेशों का पालन सुनिश्चित करने की मांग भी ज्ञापन में शामिल थी। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि मजदूर और कर्मचारी महंगाई, बेरोजगारी और सरकारी उपेक्षा के कारण संकट का सामना कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं तथा आशा और आशा संगिनी कर्मचारियों को घोषित मानदेय का पूर्ण लाभ नहीं मिल पा रहा है और उनके साथ उपेक्षापूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है।

### युवाओं का तीन दिवसीय पर्यावरणीय एक्सपोज़र प्रारंभ

# 30 युवा साथियों को हंडिया के नयापुरा गांव का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

किशोर किशोरी संसाधन केंद्र रहटगाँव के अंतर्गत युवाओं के लिए तीन दिवसीय पर्यावरणीय एक्स्पोज़र कार्यक्रम की शुरुआत की गई। एक्स्पोज़र के प्रथम दिन 30 युवा साथियों को हंडिया के नयापुरा गाँव का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। रहटगाँव क्षेत्र के विभिन्न फील्ड गाँवों से जुड़े युवा इस एक्स्पोज़र में सहभागी बने। नयापुरा स्थित राय जैव संसाधन केंद्र में युवाओं को औषधीय पौधों, फूल-पत्तियों से प्राकृतिक दवाइयाँ बनाने की प्रक्रिया तथा जैविक खाद निर्माण की विधि का प्रत्यक्ष अनुभव कराया गया। इस दौरान जैविक खेती की तकनीक, स्थानीय संसाधनों के उपयोग और प्राकृतिक खेती के महत्व पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। राय जैव संसाधन केंद्र, नयापुरा से जय नारायण ने युवाओं को जैविक कृषि अपनाने की प्रक्रिया, खेती की उन्नत तकनीकों और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने जैविक खाद तैयार करने की विधि को व्यवहारिक रूप से प्रदर्शित करते हुए केंचुओं के माध्यम से वर्मी कम्पोस्ट बनाने की प्रक्रिया समझाई। साथ ही युवाओं को प्रेरित किया कि वे इस ज्ञान को अपने घर-परिवार, खेत-खलिहानों और समुदाय में लागू करें। इस अवसर पर युवाओं ने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, पर्यावरण अनुकूल खेती और रासायनिक मुक्त उत्पादन के महत्व को नजदीक से समझा। प्रतिभागियों ने इसे एक उपयोगी और प्रेरणादायक अनुभव बताया। उनका कहना था कि इस प्रकार का एक्स्पोज़र उन्हें अपने गाँव में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस कदम उठाने के लिए प्रेरित करेगा। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम दिवस हंडिया (नयापुरा) का भ्रमण किया गया, द्वितीय दिवस हरदा में क्षमता वर्धन सत्र आयोजित किए जाएंगे तथा तृतीय दिवस कमताडा, सिराली क्षेत्र का शैक्षणिक भ्रमण एवं व्यावहारिक सीख का आयोजन होगा।

# राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के अंतर्गत हंडिया शिविर में दिव्यांगजनों की स्क्रीनिंग की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा




राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत संचालित सभी पेंशन योजनाओं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना के अन्तर्गत सभी पात्र हितग्राहियों के पेंशन फार्म तैयार कर पेंशन स्वीकृत करने एवं उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार दिव्यांग बच्चों के दिव्यांग प्रमाण पत्र तैयार करने हेतु जिले में स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग कमलेश सिंह ने बताया कि बुधवार को दिव्यांगजनों के चिन्हांकन एवं दिव्यांग प्रमाण-पत्र तैयार कराने हेतु हंडिया में स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अधिकारी विशेषज्ञों द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रों से 151, शिविर स्थल पर 161 एवं विद्यालय में 154 लोगों की स्क्रीनिंग की गई। इस दौरान दिव्यांगजनों को पात्रता अनुसार पेंशन एवं अन्य विभागीय योजनओं का लाभ प्रदाय किया गया।

### छिदगांव जिला हरदा में बांसकारी उत्सव का आयोजन आज

# एक उत्पाद बांस मेला, उद्यम विकास कार्यक्रम, एक्सपोर्ट कार्यशाला के साथ खरीदार-विक्रेता संवाद भी होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

छिदगांव, जिला हरदा स्थित बांसकारी टेक्नोलॉजी और कॉमन फेसिलिटी सेंटर पर 26 फरवरी को हरदा बांसकारी उत्सव - 2026 का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन एमपीआईडीसी, सर्च एंड रिसर्च डेवेलपमेंट सोसाइटी, डीआईसीसीआई द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में एक जिला एक उत्पाद बांस मेला, उद्यम विकास कार्यक्रम, एक्सपोर्ट कार्यशाला और खरीदार-विक्रेता संवाद का आयोजन होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य बांस से संबंधित सभी स्टेकहोल्डर को एक प्लेटफार्म पर लाना है । हरदा जिले मे एक जिला एक उत्पाद के तहत बांस को चुना गया है। बांस को प्रोत्साहित करने और बांस उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने का प्रयास भी इस कार्यक्रम के द्वारा किया जाएगा। बांस कलाकारों द्वारा बनाए गए बांस उत्पादों की प्रदर्शनी का शुभारंभ कलेक्टर सिद्धार्थ जैन द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार से बांस तकनीक एक्सपर्ट डॉ. श्याम विश्वनाथ, क्षेत्रीय प्रबंधक, एमपीआईडीसी हरदा, अध्यक्ष डिक्की मध्य प्रदेश, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, वन मंडल अधिकारी हरदा प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

एमपीआईडीसी से शुभम गुप्ता ने बताया इस कार्यक्रम की विशेषता पारंपरिक कला के साथ तकनीक के समन्वय से तैयार उत्पादों को निर्यात करने के लिए निर्यात की जानकारी देना एवं निर्यात के लिए हैंडहोल्डिंग सपोर्ट प्रदान करना है। बांसकारी की संचालक, डॉ मोनिका जैन ने बताया कि कार्यक्रम में महिला एवं युवा उद्यमियों द्वारा सक्सेस स्टोरी प्रस्तुतीकरण, नेटवर्किंग, उद्यम विकास एवं एक्सपोर्ट मार्गदर्शन सत्र, खरीदार-विक्रेता संवाद के आयोजन से हरदा, रहटगांव, छिदगांव एवं टिमरनी क्षेत्र के 300 से 400 प्रतिभागी प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित होंगे। उन्होने बताया कि बांसकारी केंद्र सर्च एंड रिसर्च डेवलोपमेंट द्वारा डिपार्टमेंट ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के सहयोग स्थापित किया गया है। पिछले ढाई वर्षों में इस केंद्र के माध्यम से 800 से अधिक लोगों को प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाया गया है।

# नेशनल लोक अदालत के आयोजन पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा




प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष अरविन्द रघुवंशी की अध्यक्षता में बुधवार को जिला अधिवक्ता संघ, हरदा के सभागार में अधिवक्तागण के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष रघुवंशी ने आगामी लोक अदालत में समझौता योग्य लंबित सिविल एवं आपराधिक प्रकरणों व प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का अधिक से अधिक संख्या में निराकरण व पक्षकारों को लाभांवित कराने में अधिवक्ताओं द्वारा सहयोग प्रदान किये जाने की अपील की। बैठक में नोडल अधिकारी नेशनल लोक अदालत जयदीप सिंह ने सिविल प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, चेक अनादरण के प्रकरणों, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण और बीमा कंपनी के प्रकरणों के निराकरण हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया। साथ ही पैरालीगल वॉलेंटियर्स के माध्यम से भी पक्षकारों को समझाईश एवं समझौते हेतु कार्य करवाये जाने के बारे में बताया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंद्रशेखर राठौर ने बताया कि हरदा जिला न्यायालय का लोक अदालत के माध्यम से निराकृत प्रकरणों में हमेशा प्रदेश में अगृणी स्थान रहा है। उन्होंने अधिवक्तागण से अपील की है कि वे अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण उक्त स्थान को बनाये रखने में सहयोग प्रदान करें। जिला अधिवक्ता संघ, हरदा के अध्यक्ष जगदीश विश्वकर्मा ने पूर्व की भांति इस बार भी नेशनल लोक अदालत में सभी अधिवक्तागण की ओर से अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण में सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होने पक्षकारगण से भी अधिक से अधिक संख्या में प्रकरण का निराकरण किये जाने में सहयोग प्रदान करने की अपील की। बैठक में उपस्थित अधिवक्तागण द्वारा नेशनल लोक अदालत के अनुभव एवं लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण के संबंध में उनके विचार व्यक्त किए। बैठक में जिला मुख्यालय में पदस्थ न्यायाधीशगण, जिला विधिक सहायता अधिकारी सौरभ कुमार दुबे, सचिव अधिवक्ता संघ शैलेन्द्र जोशी, पदाधिकारीगण एवं अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# जांच में खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन पाया गया, दो डंपर जब्त, प्रकरण अपर कलेक्टर को भेजा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा




जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण के विरूद्ध रोकथाम की कार्यवाही लगातार जारी है। जिला खनिज अधिकारी हरदा ने बताया कि मंगलवार को गुप्तेश्वर मंदिर के पास ग्राम चारूवा में डंपर नम्बर एमपी 47 जेड सी 7199 की जांच की गई जांच के दौरान खनिज गिट्टी का अवैध परिवहन पाया गया। डंपर बिना वैध अभिवहन पास होने से चालक सुरेश योगी पिता हरिनारायण योगी निवासी बंदीमुहाड़यि तहसील सिराली से जब्त कर पुलिस थाना छीपाबड़ में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया। इसी प्रकार सहायक खनिज अधिकारी चेन सिंह डामोर द्वारा 23 फरवरी को खण्डवा रोड़ पर ग्राम पलासनेर में डम्पर क्रमांक एमपी20जीए7727 की जांच की गई। जांच के दौरान खनिज मुरूम का अवैध परिवहन करते हुए पाया गया। डम्पर बिना वैध अभिवहन पास होने से चालक रामनिवास गुर्जर आत्मज जगदीश गुर्जर निवासी हीरापुर से जप्त कर पुलिस थाना सिविल लाईन हरदा में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया। उन्होने बताया कि प्रकरण तैयार कर अपर कलेक्टर न्यायालय को प्रेषित किया जाएगा। प्रकरण में खनिज नियम 2022 के प्रावधान के तहत कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

### जनता ने ओवर नाइट रुकवाने की मांग रखी, आमजन में दिखा खासा उत्साह

# सासंद और विधायक ने एक्सप्रेस ट्रेन लेकर पहुंचे रेलवे पायलट का स्वागत कर, ट्रेन को रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



सोमवार को विधायक सुदेश राय और सासंद आलोक शर्मा ने लम्बे समय से जनता के द्वारा की जा रही रेलवे स्टेशन पर अहमदाबाद गोरखपुर एवं बान्द्रा टर्मिनस गोरखपुर एक्सप्रेस ठहराव की मांग को पूरा कर दिया। एक्सप्रेस ट्रेन लेकर पहुंचे रेलवे पायलट का फूल मालाऐं पहनाकर विधायक सुदेश राय और सासंद आलोक शर्मा ने स्वागत कर हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को आगे की यात्रा के लिए रवाना किया। ट्रेन के ठहराव शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान ही जनता ने ओवर नाईट ट्रेन को रूकवाने की मांग सासंद आलोक शर्मा और विधायक सुदेश राय के समक्ष रख दी। कार्यक्रम को विधायक सुदेश राय और सासंद आलोक शर्मा ने संबोधित करते हुए स्टेशन पर अन्य एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टापेज कराने सहित अव्य सुविधाओं को भी शीघ्र पूरा कराने की बात कहीं।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन,मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति आदि मंच पर दिखाई दिए। स्टेशन पर पहुंचे डेली अपडाउनर्स एसोसिएशन भोजपुरी समाज, ब्राहम्ण समाज के प्रतिनिधियों ने विधायक सुदेश राय और सासंद आलोक शर्मा को अन्य सभी टश्ेनों के ठहराव के लिए ज्ञापन दिया।

## जिला अस्पताल में स्टाफ नर्स पर अभद्रता का आरोप, ज्ञापन सौंपा

**सीहोर।** जिला अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों के साथ स्वास्थ्य कर्मियों के दुर्व्यवहार के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला एक प्रसूता और उसके नवजात बच्चे के साथ हुई अभद्रता का सामने आया है। इस घटना से आक्रोशित दांगी समाज के दर्जनों लोगों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर नारेबाजी की और दोषी स्टाफ नर्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जानकारी के अनुसार श्यामपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक महिला ने पुत्र को जन्म दिया था। जन्म के कुछ समय बाद ही नवजात की तबीयत बिगडऩे लगी, जिस पर वहां मौजूद चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल सीहोर रेफर कर दिया। परिजन उम्मीद लेकर जिला अस्पताल पहुंचे थे, लेकिन वहां का अनुभव बेहद कड़वा रहा।

**आधी रात को निजी अस्पताल जाने की आई नौबत :** परिजनों का आरोप है कि जब वे नवजात को लेकर अस्पताल पहुंचे, तो वहां ड्यूटी पर मौजूद स्टाफ नर्स ने उनके साथ बेहद अभद्र और अमानवीय व्यवहार किया। परिजनों ने बताया कि नर्स के व्यवहार से वे इतने आहत और भयभीत हुए कि उन्हें रात के अंधेरे में ही अपने बच्चे की जान बचाने के लिए उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। परिजनों का कहना है कि सरकारी अस्पताल में इलाज मिलना तो दूर, वहां उन्हें अपमानित होना पड़ा।